RCTI Computer Education

Sahawar Gate, Kasganj

COREL DRAW

RASHTRIYA COMPUTER TRAINING INSTITUTE
RCTI COMPUTER EDUCATION
ESTD. - 2007
Great Institute Great Future

टूल बॉक्स के टूल

अभी आपने स्टैण्डर्ड टूलबार के टूल्स के द्वारा होने वाले कार्यों को समझा। इनमें कोई भी टूल ऐसा नहीं था जिससे ड्राइंग बनाने का कार्य किया जाता हो। वास्तव में ड्राइंग बनाने और उसमें बदलाव करने वाले सभी टूल्स, इसके मुख्य टूल बॉक्स में होते हैं।

कोरल ड्रा के अनेक टूल, टूल बॉक्स में एक टूल पट्टी में होते हैं और कुछ अकेले होते हैं। इन टूल पट्टियों को फ्लाई-आउट्स कहा जाता है। आइये सबसे पहले इन फ्लाई-आउट्स में मौजूद टूल्स का एक-एक करके इनका अध्ययन करें।

शेप एडिट फ्लाई-आउट्स

कोरल ड्रा के टूल बॉक्स में ऊपर से दूसरे नंबर पर यह फ्लाई-आउट्स होती है। इसमें वह टूल आते हैं जिनका प्रयोग किसी भी शेप में जरूरी बदलाव करने के लिए किया जाता है। इसमें शेप टूल, नाइफ टूल, इरेज़र टूल, स्मज टूल, ब्रश टूल, रफ ब्रश और फ्री ट्रांसफॉर्म नामक टूल होते हैं। दिए हुए चित्र में इस शेप एडिट फ्लाई-आउट को उसके सभी टूल्स के साथ देख सकते हैं-



ज़ूम फ्लाई-आउट

ज़ूम फ्लाई-आउट में दो टूल होते हैं। इनका प्रयोग करके आप ऑब्जेक्ट को स्क्रीन पर बड़ा या छोटा करके देख सकते हैं। इस क्रिया में ड्राइंग का आकार वास्तविकता में नहीं बढ़ता है। चित्र में आप फ्लाई-आउट को देख सकते हैं-



इस टूल पट्टी में दो टूल होते हैं। पहले का नाम ज़ूम टूल और दूसरे का नाम हैंड टूल है।

कर्व फ्लाई-आउट

कर्व फ्लाई-आउट में दिए हुए टूल्स का प्रयोग करके आप ऑब्जेक्ट को कर्व बना सकते हैं। इसमें फ्री-हैंड, बेजियर लाइन, आर्टिस्टिक मीडिया, पॉलीलाइन, 3-प्वाइंट कर्व, पेन, कर्सर, डायमेंशन और इंट्रैक्टिव कनेक्टर नामक टूल होते हैं। खुलने पर यह फ्लाई-आउट मॉनीटर पर इस तरह से दिखाई देती है-



रैक्टेंगल फ्लाई-आउट

टूल बॉक्स में दी हुई रैक्टेंगल फ्लाई-आउट में दो टूल होते हैं। इसमें पहले टूल का नाम रैक्टेंगल है और दूसरे का नाम 3 प्वाइंट रैक्टेंगल टूल है। इन दोनों से आयत और वर्गों का निर्माण किया जा सकता है। खुलने पर यह फ्लाई-आउट निम्न चित्र की तरह से दिखाई देती है-



इलिप्स फ्लाई-आउट

यह फ्लाई-आउट, रैक्टेंगल फ्लाई-आउट के बाद होती है। इसमें दो टूल्स होते हैं। पहला इलिप्स टूल है और दूसरा 3-प्वाइंट इलिप्स टूल है। जब आप इस पर क्लिक करेंगे तो यह टूल पट्टी आपके सामने इस तरह से आयेगी-



ऑब्जेक्ट फ्लाई-आउट

टूल बॉक्स में इलिप्स फ्लाई-आउट के बाद ऑब्जेक्ट फ्लाई-आउट होती है। इसमें ग्राफ पेपर, पॉलिगन और स्पायरल नामक टूल होते हैं। खुलने पर इस फ्लाई-आउट के टूल्स इस तरह से दिखाई देंगे-



परफेक्ट शेप फ्लाई-आउट

कोरल ड्रा के टूल बॉक्स के परफेक्ट शेप फ्लाई-आउट में कुल मिलाकर पांच टूल होते हैं। इनसे आप बेसिक शेप, ऐरो शेप, फ्लोचार्ट शेप, स्टार शेप और काल-आउट शेप बना सकते हैं। इस पर क्लिक करते ही मॉनीटर पर यह यह टूल पट्टी अपने समस्त टूल्स के साथ इस तरह से दिखाई देने लगती है-



इंट्रेक्टिव टूल फ्लाई-आउट

टूल बॉक्स की इस फ्लाई-आउट में इंट्रेक्टिव ब्लैंड, इंट्रेक्टिव कन्टूर, इंट्रेक्टिव डिस्टार्शन, इन्ट्रेक्टिव इनवलप, इन्ट्रेक्टिव एक्सट्रूड, इन्ट्रेक्टिव ड्राप शैडो और इन्ट्रेक्टिव ट्रांसपैरेंसी जैसे उपयोगी और

विशेष प्रभाव वाले टूल होते हैं। खुलने पर यह सभी टूल आपको इस टूल पट्टी में इस तरह से दिखाई देंगे-



आईड्रॉपर फ्लाई-आउट

टूल बॉक्स की इस फ्लाई-आउट में दो टूल होते हैं। पहले टूल का नाम आई ड्रॉपर टूल होता है और दूसरे का नाम पेंट बकेट टूल। इसके खुलने पर यह दोनों टूल मॉनीटर पर इस तरह से दिखाई देते हैं-



आउटलाइन फ्लाई-आउट

टूल बॉक्स की इस फ्लाई-आउट में आउट के लिये आउटलाइन पेन, आउट लाइन कलर और आउट लाइन की कई चौड़ाइयों को सेट करने के लिये टूल्स होते हैं। खुलने पर यह आपको इस तरह से दिखाई देगी-

फिल फ्लाई-आउट

टूल बॉक्स में दी गई इस फ्लाई-आउट से आप कलर डॉकर विंडो प्लेट, फिल कलर, फाउंटेन फिल, टेक्स्चर फिल और पोस्ट-स्क्रिप्ट फिल टूल से जुड़े हुए डायलॉग बॉक्स प्रयोग कर सकते हैं। खुलने पर यह अपने सभी टूल्स के साथ इस तरह से दिखाई देगी-



इन्ट्रैक्टिव फिल फ्लाई-आउट

यह टूल बॉक्स में सबसे अंत में होती है। इसमें दो टूल होते हैं। इनके द्वारा आप इन्ट्रैक्टिव फिल और इन्ट्रैक्टिव मैश फिल जैसे प्रभाव ऑब्जेक्टों पर लगा सकते हैं। खुलने पर यह दोनों टूल्स इस तरह से दिखाई देगी-

तो यह तो था टूल बॉक्स की फ्लाई-आउट्स और उसमें दिये टूल्स का विवरण। आइये अब एक-एक करके टूल्स के द्वारा सम्पन्न होने वाले कार्यों को समझें।

टूल्स और उनका प्रयोग

जैसाकि आप पढ़ चुके हैं कि टूल्स से ही आप कोरल ड्रा में ड्राइंग बना सकते हैं। इसलिये यह अत्यंत आवश्यक है कि आपको यह पता हो कि किस टूल से क्या कार्य होता है। आइये अब इसी का अध्ययन करें।

पिक टूल

यह टूल बॉक्स का प्रथम टूल होता है और इसका मुख्य कार्य ऑब्जेक्ट को स्लेक्ट करना होता है। जब ऑब्जेक्ट स्लेक्ट हो जाता है तो आप इसी टूल के प्रयोग से ऑब्जेक्ट का आकार बदल सकते हैं, उसका स्थान बदल सकते हैं और उसे मनचाहे कोण पर घुमा भी सकते हैं।



शेप टूल

इस टूल से आप ऑब्जेक्ट को एडिट कर सकते हैं और लाइनों को कर्व में भी बदल सकते हैं। गोले को पाइ या आर्क में बदलने का कार्य भी इसी टूल से किया जाता है।

नाइफ टूल

नाइफ टूल से आप किसी भी ऑब्जेक्ट को मनचाही जगह से काट सकते हैं। कटने पर जो टुकड़ा बनता है वह अपने आप में एक आत्मनिर्भर ऑब्जेक्ट होता है।

इरेज़र टूल

इरेज़र टूल से ड्राइंग के एरिया या क्षेत्र को मिटाने का कार्य कर सकते हैं। यह एकदम उस रबड़ की तरह व्यवहार करता है जिससे हम पेंसिल से बनी आकृति को मिटाते हैं।

स्मज टूल

इस टूल से आप किसी भी वैक्टर ऑब्जेक्ट को डिस्टॉर्ट करके उसका रूप बदल सकते हैं।

रफ ब्रश टूल

इस टूल से भी आप किसी भी वैक्टर ऑब्जेक्ट की आउटलाइन को डिस्टॉर्ट कर सकते हैं।

फ्री-ट्रांसफॉर्म टूल

इस टूल से आप ऑब्जेक्ट को किसी भी दिशा में किसी भी कोण पर घुमा सकते हैं। इसके साथ ही उसका आकार भी बदल सकते हैं।

ज़ूम टूल

ज़ूम टूल से आप ऑब्जेक्ट के मैग्नीफिकेशन (दृश्यता स्तर) लेवल को कम या ज्यादा कर सकते हैं।

हैंड टूल

हैंड टूल से आप ड्राइंग विंडो पर दिखाई दे रही ड्राइंग को ऊपर-नीचे ले जा सकते हैं।

पेन टूल

पेन टूल से आप किसी भी कर्व को सरलता से बना सकते हैं।

पॉलीलाइन टूल

इस टूल का प्रयोग आप मनचाही बहुभुजाकार आकृतियों को बनाने के लिये कर सकते हैं।

फ्री-हैंड टूल

फ्री-हैंड टूल का प्रयोग आप आम पेंसिल की तरह से करके मनचाही आकृतियाँ बना सकते हैं।

वेज़ियर टूल

वेज़ियर टूल का प्रयोग तकनीकी ड्राइंगों को बनाने के लिये किया जाता है।

कर्व टूल

इस टूल से आप किसी भी कर्व के प्रथम और अंतिम केंद्र बिंदु को आधार बनाकर आकृति का सृजन कर सकते हैं।

आर्टिस्टिक मीडिया टूल

इस टूल से आप ब्रश, स्प्रेयर, कैलीग्राफिक्स और प्रेशर जैसे प्रभावों को प्रयोग कर सकते हैं।

डाइमेंशन टूल

इस टूल का प्रयोग करके आप वर्टिकल, हॉरिजांटल, एंगुलर, कॉलआउट इत्यादि को बना सकते हैं।

इन्ट्रैक्टिव कनेक्टर टूल

इस टूल से आप दो ऑब्जेक्टों को एक लाइन के जरिए, आपस में जोड़ सकते हैं।

रैक्टेंगल टूल

रैक्टेंगल टूल से आप किसी भी तरह के आयताकार या वर्गाकार आकृति को बना सकते हैं।

RASHTRIYA COMPUTER TRAINING INSTITUTE
RCTI COMPUTER EDUCATION
ESTD. - 2007
Great Institute Great Future

3-प्वाइंट रैक्टेंगल टूल

इस टूल से आप इस तरह की आयताकार या वर्गाकार आकृति का सृजन कर सकते हैं जो तीन बिंदुओं पर आधारित होती है।

इलिप्स टूल

इस टूल का प्रयोग गोलाकार या अंडाकार आकृति को बनाने के लिए कर सकते हैं।

थ्री प्वाइंट इलिप्स टूल

यह टूल आपको ऐसे गोले को बनाने की सुविधा प्रदान करता है जिसमें तीन सेंटर प्वाइंट होते हैं।

पॉलिगन टूल

पॉलिगन टूल का से आप पॉलिगन आकृतियां अर्थात जिसमें पांच या इससे ज्यादा भुजाएं हों या फिर स्टार आकृतियां बना सकते हैं।

स्पायरल टूल

स्पायरल टूल से आप ऐसी आकृतियों का सृजन कर सकते हैं जो सिमेट्रिकली और एलोगार्थिमिक गोलों के रूप में होती हैं।

ग्राफ पेपर टूल

इस टूल से आप मनचाहे रूप का ग्राफ पेपर बना सकते हैं और उसमें ग्रिड तथा लाइनों की संख्या खुद ही तय कर सकते हैं।

बेसिक शेप टूल

बेसिक शेप टूल से आप कोरल ड्रा में पहले से बनी आकृतियों को बना सकते हैं।

ऐरो शेप टूल

इस टूल से आप तरह-तरह के ऐरो तथा तीर के निशान वाले चित्र बना सकते हैं।

फ्लोचार्ट शेप टूल

इस टूल का प्रयोग प्रोग्रामिंग के लिए फ्लोचार्ट बनाने में होता है।

स्टार शेप टूल

स्टार शेप टूल से आप तरह-तरह की तारों की आकार वाली आकृतियां बना सकते हैं।

कॉल-आउट शेप टूल

इस टूल से आप कॉल-आउट शेप और लेवल्स बना सकते हैं।

टेक्स्ट टूल

यह टूल आर्टिस्टिक और पैराग्राफ टेक्स्ट लिखने की सुविधा प्रदान करता है।

RASHTRIYA COMPUTER TRAINING INSTITUTE RCTI ESTD. - 2007 Great Institute Great Future

इन्ट्रैक्टिव ब्लैंड टूल

इस टूल से आप दो वेक्टर ऑब्जेक्टों के बीच ब्लैंड बना सकते हैं। यह एक विशेष प्रभाव होता है।

इन्ट्रैक्टिव कन्टूर टूल

कन्टूर टूल से आप किसी भी वेक्टर ऑब्जेक्ट पर कन्टूर प्रभाव को प्रयोग कर सकते हैं।

इन्ट्रैक्टिव डिस्टॉर्शन टूल

इस टूल से आप वेक्टर ऑब्जेक्ट को अलग-अलग तरह से बिगाड़ सकते हैं। इसमें पुश और पुल डिस्टॉर्शन, जिपर डिस्टार्शन और टिव्सटर डिस्टॉर्शन जैसे कई विकल्प होते हैं जिनसे आप ऑब्जेक्ट को नया रुप प्रदान कर सकते हैं।

इन्ट्रैक्टिव इनवलप टूल

इस टूल से आप वेक्टर ऑब्जेक्ट पर इनवलप प्रभाव को प्रयोग कर सकते हैं।

इन्ट्रैक्टिव एक्सट्रूड टूल

इस टूल से आप वेक्टर ऑब्जेक्ट को त्रि-आयामी रुप भी दे सकते हैं।

इन्ट्रैक्टिव ड्रॉप शैडो टूल

इस टूल से आप किसी भी तरह के ऑब्जेक्ट में अलग-अलग रंगों की ड्रॉप शैडो जोड़ सकते हैं।

इन्ट्रैक्टिव ट्रांसपैरेंसी टूल

इस टूल से आप वेक्टर ऑब्जेक्ट या बिटमैप में पारदर्शिता लगा सकते हैं।

आई ड्रॉपर टूल

आई ड्रॉपर टूल से आप एक वेक्टर ऑब्जेक्ट में भरे हुए रंग को सलेक्ट करके उसे दूसरे वेक्टर ऑब्जेक्ट में प्रयोग कर सकते हैं।

पेंट बकेट टूल

इस टूल से आप आई ड्रापर टूल के द्वारा सलेक्ट किए हुए रंग को ऑब्जेक्ट में भर सकते हैं।

इन्ट्रैक्टिव फिल टूल

इस टूल से आप अलग-अलग तरह की फिल को वेक्टर ऑब्जेक्ट में जोड़ सकते हैं।

इन्ट्रैक्टिव मैश टूल

इस टूल से आप ग्रिड पर आधारित मैश फिल को वेक्टर ऑब्जेक्ट में भर सकते हैं।

फिल टूल

फिल टूल से आप वेक्टर ऑब्जेक्ट में रंग भर सकते हैं।

RACHHRIYA COMPUTER TRAINING INSTITUTE
RCTI
ESTD. : 2007
Great Institute Great Future

लाइन को मनचाहा रूप देना

- सीधी लाइन का आकार और स्थान बदलने के लिये आप इसे स्लेक्ट करें।
- लाइन स्लेक्ट होने की अवस्था में इसके दोनों सिरों पर हैंडिल बन जायेंगे।
- इसके उपरांत टूल बॉक्स में दिये आउटलाइन पेन टूल पर क्लिक करें।



- इसका विकल्प बॉक्स इस प्रकार से स्क्रीन पर आ जायेगा-



इस पेन टूल के विकल्प बॉक्स से आप लाइन की मोटाई बदलने से लेकर उसके स्टाइल और रंग में भी बदलाव कर सकते हैं।

आर्टिस्टिक मीडिया टूल से लाइनें बनाना

इस टूल से बनी हुई लाइनें इस तरह से दिखाई देतीं हैं जैसे उन्हें किसी ब्रश से या स्प्रे से बनाया गया हो। इस टूल के साथ ब्रश, स्प्रे, कैलीग्राफिक और प्रेशर पेन जैसे विकल्प होते हैं। जिनसे बहुत ही सुंदर लाइनों का सृजन होता है। इस टूल को दो प्रकार से प्रयोग किया जा सकता है-

- इस टूल को स्लेक्ट करके फ्री-हैंड टूल की तरह से लाइन ड्रा करें।



- पहले से बने हुए ऑब्जेक्ट पर इसके स्ट्रोक प्रभावी करें। जब आप इस टूल को स्लेक्ट करेंगे तो इसका प्रॉपर्टी बार आपको इस तरह से दिखाई देगा-



इस प्रॉपर्टी बार में दिये हुए विकल्पों से इसके सभी मोड प्रयोग किया जा सकते हैं। यह मोड क्या हैं आइये सबसे पहले इसे समझें-

प्री-सेट मोड

इस मोड में पहले से बनी हुई आउटलाइनें होती हैं। इनमें जरूरत के अनुसार बदलाव किया जा सकता है। इनका चयन आप प्रि-सेट स्ट्रोक लिस्ट से कर सकते हैं। ऊपर दिये चित्र में इस मोड के सभी विकल्पों को प्रस्तुत किया गया है।

ब्रश मोड

इस मोड में बनी हुई लाइनों को आप इमेज के रूप में ट्रांसफॉर्म कर सकते हैं। इस मोड को स्लेक्ट करते ही प्रापर्टी बार में प्रि-सेट स्ट्रोक लिस्ट की जगह पर ब्रश स्ट्रोक लिस्ट आ जाती है। इस लिस्ट से आप किसी भी स्ट्रोक को क्लिक करके स्लेक्ट कर सकते हैं।

स्प्रेयर मोड

इस मोड में लाइनों को इमेज पैटर्न के रूप में बदला जा सकता है। जब इस मोड को स्लेक्ट करते हैं तो प्रॉपर्टी बार में स्प्रेलिस्ट फाइल सूची आ जाती है। इसके अलावा स्प्रे को और लचीला बनाने के लिये कुछ नये विकल्प भी जुड़ जाते हैं। इनका प्रयोग करके आप इस मोड में बहुत सुंदर लाइनों का सृजन कर सकते हैं।

कैलीग्राफिक मोड

इस मोड में इस तरह की लाइनें बनाई जा सकती हैं जैसे उन्हें कैलीग्राफिक पेन से बनाया गया हो। इस मोड में बनी लाइनों की मोटाई किसी जगह पर कम और किसी जगह पर ज्यादा होती है। इस मोड को चुनते ही प्रॉपर्टी बार में कैलीग्राफिक मोड के कोण को तय करने के लिये विकल्प विंडो आ जाती है। जहाँ से आप मनचाहे कोण का चुनाव कर सकते हैं।

प्रेशर मोड

इस मोड में बनी लाइनें ऐसे दिखाई देती हैं जैसे उन्हें दबाव डालकर बनाया गया हो। जहां दबाव ज्यादा होता है लाइन में वह स्थान ज्यादा काला दिखाई देता है।

प्री-सेट मोड प्रयोग करना

इस मोड में पहले से ही बनी हुई लाइनें होती हैं। जिनका चयन आप प्रॉपर्टी बार में जाकर माउस से क्लिक करके कर सकते हैं। इस मोड को इस प्रकार प्रयोग किया जा सकता है-

- कर्व फ्लाई-आउट में जाकर आर्टिस्टिक मीडिया टूल को स्लेक्ट करें।
- प्रॉपर्टी बार में जाकर प्री-सेट विकल्प को खोलें। प्री-सेट स्ट्रोक लिस्ट विंडो में लाइनों की लिस्ट इस प्रकार दिखाई देगी-

इस सूची से मनचाही लाइन पर क्लिक करें।

- जिस तरह की प्री-सेट लाइन बनानी है उस पर क्लिक कर दें। ड्राइंग पेज में आकर लाइन ड्रा करें।
- जिस समय आप लाइन ड्रा करेंगे और माउस बटन को दबाए रखेंगे उस समय लाइन पूरी तरह से काली होगी और चित्र के अनुसार दिखाई देगी। माउस बटन छोड़ते ही काला रंग गायब हो जाएगा और केवल आउट लाइन ही रह जाएगी। इस आउट लाइन में आप रंग, टेक्स्चर और पैटर्न भर सकते हैं-



लाइन इस तरह से बनकर दिखाई देगी।

- ➢ लाइन की मोटाई को बदलने के लिए आर्टिस्टिक मीडिया टूल विड्थ नामक विकल्प का प्रयोग करें। इसमें लाइन की अधिकतम मोटाई दस प्वाइंट तक होती है।
- ➢ लाइन की स्मूथनेस को कम ज्यादा करने के लिए फ्री-हैंड स्मूथिंग स्लाइडर बार का प्रयोग किया जा सकता है।

ब्रश मोड प्रयोग करना

आर्टिस्टिक मीडिया टूल का यह दूसरा मोड है। इसकी कार्यप्रणाली बिल्कुल प्री-सेट मोड की तरह से है। इसे निम्न प्रकार से प्रयोग कर सकते हैं-

- ➢ सबसे पहले आर्टिस्टिक मीडिया टूल स्लेक्ट करें। प्रॉपर्टी बार में बने ब्रश मोड पर क्लिक कर दें।
- ➢ कर्व की मोटाई को और स्मूथनेस को आर्टिस्टिक मीडिया टूल विड्थ और फ्री-हैंड स्मूथिंग विकल्पों से निर्धारित करें। इसके उपरांत ब्रश स्ट्रोक लिस्ट विंडो खोलें। यह आपको इस तरह से दिखाई देगी-



इस सूची से ब्रश स्ट्रोक को चुनें।

- ➢ इसमें से स्ट्रोक पर क्लिक करके उसका चयन करें। अब ड्राइंग पेज पर आ जाएं और माउस की बायीं बटन को दबाए हुए ड्रैग करें। दिए हुए चित्र की तरह से कर्व या लाइन बन जाएगी-



ब्रश स्ट्रोक से बनी कुछ लाइनें।

इन बातों का ध्यान रखें:

- ☞ यदि आप ब्रश स्ट्रोक लिस्ट के अलावा किसी दूसरी लिस्ट को इस मोड में प्रयोग करना चाहते हैं तो प्रॉपर्टी बार में बने ब्राउज़ बटन पर क्लिक करके दूसरी लिस्ट का चयन कर सकते हैं।
- ☞ इस मोड में बने कर्व को आप शेप टूल से परिवर्तित कर सकते हैं।

स्प्रे मोड से लाइनें और कर्व बनाना

इस मोड में आप ऐसे कर्व बना सकते हैं जिनके अंतर्गत तरह-तरह के फूल और दूसरी शेपों को

RASHTRIYA COMPUTER TRAINING INSTITUTE RCTI ESTD. - 2007

प्रयोग किया गया हो। इस मोड को आप इस तरह से प्रयोग कर सकते हैं-

- आर्टिस्टिक मीडिया टूल स्लेक्ट करने के उपरांत प्रॉपर्टी बार में जाकर स्प्रेयर मोड पर क्लिक करें। इसके बाद स्मूथिंग और ऑब्जेक्ट के साइज़ को निर्धारित करें।
- स्प्रे लिस्ट में जाकर स्ट्रोक का चयन करें। आपको इसकी लिस्ट इस तरह से दिखाई देगी-

- अब स्प्रे ऑर्डर में आकर क्रम का चयन कर लें। प्रॉपर्टी बार में यह विंडो इस तरह से दिखाई देती है-



- स्प्रे के ऑब्जेक्टों के बीच की दूरी को आप स्पेसिंग ऑफ ऑब्जेक्ट्स नामक विंडो से निर्धारित करें।
- यदि आप स्ट्रोक में किसी तरह का घुमाव या बढ़ोत्तरी चाहते हैं तो प्रॉपर्टी बार में बने हुए रोटेशन नामक आइकन पर क्लिक कर दें। इसका विकल्प मीनू आपके सामने इस तरह से दिखाई देगा-



- इस मीनू में आप सबसे पहले ऐंगल, फिर इन्क्रीमेंट वैल्यू, और फिर रोटेशन के प्रकार को निर्धारित करें।
- स्ट्रोक के ऑफसेट में बदलाव करने के लिए प्रॉपर्टी बार में बने हुए ऑफसेट बटन पर क्लिक करें। आपके सामने इसका ऑप्शन बॉक्स आएगा।

RASTRIYA COMPUTER TRAINING INSTITUTE RCTI COMPUTER EDUCATION Great Institute Great Future

- इसमें पहले ऑफसेट वैल्यू और फिर ऑफसेट डायरेक्शन निर्धारित कर दें। डायरेक्शन निर्धारित करने के लिए आपको चार विकल्प मिलते हैं। जिन्हें आप इनके नाम के अनुसार प्रयोग कर सकते हैं।
- सभी तरह की सेटिंग पूरी होने के उपरांत पेज पर माउस को ड्रैग करें। ड्रैग करते ही दिए हुए चित्र के अनुसार स्ट्रोक पर आधारित लाइन या कर्व बनकर इस तरह से दिखाई देगा-

स्प्रे मोड से बना कर्व लाइन

कैलीग्राफिक मोड में लाइनें बनाना

इस मोड में लाइनों के निर्माण आप निम्न प्रकार से कर सकते हैं-

- सबसे पहले आर्टिस्टिक मीडिया टूल स्लेक्ट करें।
- फिर प्रॉपर्टी बार में जाकर कैलीग्राफिक मोड आइकन पर क्लिक कर दें।
- कर्व की विड्थ और कैलीग्राफिक ऐंगल को निर्धारित करें।
- पेज पर आकर कर्व या लाइन को को बनाएं।

इन बातों का ध्यान रखें:

- आप शेप टूल का प्रयोग करके बने हुए कर्व में बदलाव कर सकते हैं।
- आप कर्व में कलर, टेक्स्चर और रंग भी भर सकते हैं।

प्रेशर मोड में लाइनें बनाना

इस मोड में लाइनों के निर्माण आप निम्न प्रकार से कर सकते हैं-

- सबसे पहले टूल स्लेक्ट करें। प्रॉपर्टी बार में जाकर प्रेशर मोड आइकन का चयन करें।
- इसके उपरांत स्मूथिंग और विड्थ स्लेक्ट करें। माउस प्वाइंटर को पेज में लाकर अप और डाउन ऐरो की के साथ कर्व ड्रा करें।
- जब आप इस मोड में अप ऐरो की को दबाकर ऑब्जेक्ट ड्रा करेंगे तो प्रेशर बढ़ता जाएगा और लाइन मोटी होती जाएगी। डाउन ऐरो की से लाइन पतली होती जाएगी।

आर्टिस्टिक मीडिया मोड प्रयोग करना

आप कोरल ड्रा के इस संस्करण में बने हुए किसी भी ऑब्जेक्ट पर आर्टिस्टिक मीडिया टूल के मोड प्रयोग कर सकते हैं। आइए इस काम को करना सीखें-

- सबसे पहले आप उस ऑब्जेक्ट को बनाएं या बने हुए ऑब्जेक्ट को खोलें जिस पर आर्टिस्टिक मीडिया का मोड प्रयोग करना है।

- विंडो मीनू में जाएं और जब मीनू खुल जाए तो डॉकर कमांड के उप-मीनू में आकर आर्टिस्टिक मीडिया नामक उप-कमांड पर क्लिक करें। जैसे ही आप कमांड पर क्लिक करेंगे आपके सामने आर्टिस्टिक मीडिया विंडो इस तरह से दिखाई देगी-



इसमें दिये विकल्पों को क्लिक करके चुनें।

- यह विंडो दो भागों में होती है। पहले भाग में प्रयोग हो चुके मोड की लिस्ट होती है और दूसरे भाग में सभी मोडों की लिस्ट।
- दूसरे भाग में कौन-कौन से मोड शामिल हैं इसके लिए आप डिफॉल्ट स्ट्रोक के सामने बने तिकोने निशान पर क्लिक करें। मोड लिस्ट आपके सामने आ जाएगी।
- इसमें आप जिस मोड को ऑब्जेक्ट पर लगाना चाहते हैं उस पर क्लिक कर दें।

पॉलीगन शेप बनाना

कोरल ड्रा में कुछ ऐसे टूल्स को शामिल किया गया है जो जटिल शेपों को सरलता से बना देते हैं। सबसे पहले सीखते हैं कि पॉलीगन शेप कैसे बनती है-

- पॉलीगन अर्थात एक ऐसी शेप जिसमें पांच भुजाएं हों। ऐसी शेप को बनाने के लिए आप टूल बॉक्स के पॉलीगन नामक टूल का प्रयोग करें।
- माउस प्वाइंटर को इस टूल पर लाकर क्लिक करें। टूल चुनते ही टूल विकल्प बार भी बदल जाएगा।
- माउस की बाएं बटन को दबा लें। माउस को ड्रैग करें। ड्रैग करने के साथ-साथ पॉलिगन शेप बनती चली जाएगी। जब यह उस आकार की हो जाए जिसकी आपको आवश्यकता है तो माउस बटन को छोड़ दें। ऐसा करते ही पॉलीगन शेप बनकर दिखाई देगी।
- इसके आकार को आप ऑब्जेक्ट साइज़ विंडो से या फिर माउस से इसके हैंडिल को पकड़कर कम या ज्यादा कर सकते हैं। यदि इसे किसी अनुपात में कम या ज्यादा करना हो तो टूल ऑप्शन बार में दिए स्केल फैक्टर विकल्प का प्रयोग करें। पॉलीगन शेप में भुजाओं की संख्या भी प्रॉपर्टी बार से बढ़ायी जा सकती है।

फिल टूल से रंग भरना

लेकिन कोरल ड्रा में आकृति में कई तरह से रंगों को भरा जा सकता है। यह कार्य करने के लिए इसके टूल बॉक्स में फिल नामक एक टूल होता है जिसे क्लिक करने से इसकी टूल पट्टी इस प्रकार दिखाई देने लगती है-

- इस टूल पट्टी में सबसे पहले फिल कलर डायलॉग बॉक्स नामक टूल होता है। जिस पर क्लिक करने से आपके सामने यूनीफॉर्म फिल का मीनू इस तरह से आ जाएगा-



- यहां से आप रंग का चुनाव माउस से क्लिक करके कर सकते हैं। यदि रंग बदलना है तो दूसरे रंग पर क्लिक कर दीजिए। पहला वाला रंग गायब हो जाएगा और नया रंग उसकी जगह ले लेगा।
- टेक्स्ट में भी रंग भरने के लिए आपको इसी प्रक्रिया से गुजरना होगा। टेक्स्ट टाइप करने के उपरांत उसे स्लेक्ट करें और मनचाहे रंग पर क्लिक कर दें। टेक्स्ट रंगीन हो जाएगा।

आकृति में विगनेट भरना

डिजाइनिंग में विगनेट शब्द बहुत ही आम है। जब कम्प्यूटरों का प्रयोग इस क्षेत्र में नहीं होता था तो विगनेट बनाने का कार्य बहुत ही मुश्किल समझा जाता था और कलाकार इस कार्य को स्प्रे मशीन से किया करते थे। विगनेट का अर्थ है कि किसी आकृति में एक ओर तो गहरा रंग भरा हुआ है और फिर वह रंग जब नीचे की ओर आता है तो लगातार हल्का होता चला जाता है। यानी कि एक आकृति में एक ही रंग को घटते हुए क्रम में या बढ़ते हुए क्रम में भरना। कोरल ड्रा में विगनेट बनाने का काम बहुत ही आसान है। आप इसमें एक साथ कई रंगों की विगनेट को प्रयोग कर सकते हैं। आइये सीखते हैं कि इस कार्य को कैसे किया जाये-

- जिस आकृति में आप विगनेट भरना चाहते हैं उसे पिक टूल से क्लिक करके स्लेक्ट करें।
- इसके उपरांत फिल टूल की फ्लाई-आउट में जाकर फाउंटेन फिल डायलॉग बॉक्स वाले टूल पर क्लिक करें। इससे आपके सामने फाउंटेन फिल का मीनू इस प्रकार दिखाई देने लगेगा-



➢ जब यह आइकॉन सक्रिय होगा तो पैटर्न फिल का मुख्य ऑप्शन बॉक्स मॉनीटर पर इस तरह से दिखाई देने लगेगा-





➢ इस मीनू में सबसे पहले **2-कलर** नामक ऑप्शन है। इसका अर्थ यह है कि आप इसमें दो रंग का पैटर्न चुन सकते हैं।

➢ दो रंगों की पैटर्न का चयन आप पैटर्न विंडो पर क्लिक करके करें। जब आप पैटर्न विंडो पर क्लिक करेंगे तो कोरल ड्रा में उपलब्ध दो रंगो के पैटर्न की सूची दिखाई देगी।

➢ यहां से आप उस पैटर्न को क्लिक करें जिसे आप ऑब्जेक्ट में भरना चाहते हैं।

➢ इसके उपरांत पैटर्न के लिए रंगों का चुनाव इसमें दी हुई फ्रंट और बैक नामक ऑप्शन विंडो से करें।

➢ पैटर्न का साइज़ या आकार क्या होगा इसका निर्धारण साइज़ भाग में दिए हुए विड्थ और हाइट नामक ऑप्शनों से सेट किया जा सकता है।

➢ यदि आप पैटर्न को किसी कोण पर घुमाना चाहते हैं या स्क्यू करना चाहते हैं तो ट्रांसफॉर्म नामक भाग में दिये विकल्पों को प्रयोग करें।

➢ इसके उपरांत आप मिरर फिल करने के लिए मिरर फिल को सक्रिय करें और ओके बटन पर क्लिक कर दें।

➢ आप देखेंगे कि आपसे चुनी हुई दो रंग की पैटर्न नीचे दिए हुए चित्र की तरह से ऑब्जेक्ट में भर गई है-



इस गोले में दो रंग की पैटर्न को भरकर दर्शाया गया है।

फुल कलर पैटर्न फिल करना

दो रंग की पैटर्न के उपरांत इसमें फुल कलर नामक ऑप्शन होता है। जहां से आप बहुरंगी पैटर्न को भर सकते हैं।

➢ फुल कलर ऑप्शन को सक्रिय करने के उपरांत जब आप पैटर्न विंडो खोलेंगे तो इसमें पैटर्न की सूची आपको इस तरह से दिखाई देने लगेगी-



फुल कलर पैटर्न की लिस्ट इस तरह से दिखाई देगी।

➢ आप जिस पैटर्न को फिल करना चाहते हैं उस पर क्लिक करें वह स्लेक्ट हो जाएगी।

ऑब्जेक्ट में टेक्स्चर फिल करना

कोरल ड्रा में जिस तरह से रंग और विगनेट इत्यादि को ऑब्जेक्ट में भरा जाता है उसी तरह टेक्स्चर भी इसमें फिल किया जाता है।

➢ टेक्स्चर फिल करने के लिए आपको टूल बॉक्स में फिल टूल में दिए हुए टेक्स्चर फिल नामक आइकॉन पर क्लिक करना होगा।

➢ जब टेक्स्चर फिल नामक यह आइकॉन सक्रिय होगा तो मॉनीटर पर इसका ऑप्शन बॉक्स इस तरह से आ जाएगा-



➢ इसके उपरांत ओके बटन पर क्लिक करें। आप देखेंगे कि बनाए हुए ऑब्जेक्ट में टेक्स्चर फिल हो गया है-



ऑब्जेक्ट में भरा टेक्स्चर इस तरह से दिखाई देगा।

इसी विधि को अपनाकर आप टेक्स्चर की दूसरी लाइब्रेरियों में निहित पूर्व निर्धारित स्टाइलों को ऑब्जेक्ट में फिल कर सकते हैं और उनमें बदलाव भी कर सकते हैं।

ऑब्जेक्ट में पोस्ट स्क्रिप्ट फिल भरना

टेक्स्चर की तरह से ही आप कोरल ड्रा में बनाए हुए ऑब्जेक्ट में पोस्ट स्क्रिप्ट फिल भर सकते हैं। इस कार्य को करने के लिए फिल टूल की पट्टी में पोस्ट स्क्रिप्ट फिल नामक आइकॉन होता है। इस आइकॉन पर क्लिक करते ही इसका ऑप्शन बॉक्स मॉनीटर पर इस तरह से दिखाई देने लगेगा-



फिल का चयन यहाँ से करें।

फिल में बदलाव यहाँ से करें।

➢ इस ऑप्शन मीनू में आप देखेंगे कि बायीं ओर पोस्ट स्क्रिप्ट की सूची दी गई है। इस सूची में आप जिस पर क्लिक करेंगे उसका प्रिव्यू आपको प्रिव्यू विंडो में साथ-साथ दिखाई देगा।

➢ प्रिव्यू देखने के लिए आप प्रिव्यू फिल नामक ऑप्शन को सक्रिय करें। पोस्ट स्क्रिप्ट फिल की प्रिंटिंग पोस्ट स्क्रिप्ट प्रिंटरों से ही संभव है। यदि आपके पास यह प्रिंटर नहीं है तो इसे प्रिंट करने का प्रयास न करें।

➢ **जिस फिल को आप स्लेक्ट करेंगे, यदि उसमें किसी तरह का कोई बदलाव करना है तो पैरामीटर नामक भाग में दिए हुए प्रिक्वेंसी, फ्रंट, ग्रे और स्केलिंग नामक ऑप्शनों का प्रयोग कर सकते हैं।**